@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Tuesday, 09 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 264 Pages 04 | ₹3.00

BJP Sets Course for Rajya Sabha Sweep: Alka Singh, Satish Poonia File Nominations Amid Show of Strength

# Top Rajasthan leadership rallies behind candidates as party signals confidence ahead of Upper House polls

FAIR REPORT

**Jaipur:** The Bharatiya Janata Party on Monday formally launched its campaign for the biennial Rajya Sabha elections in Rajasthan, with candidates Alka Singh and Satish Poonia filing their nomination papers amid a strong show of unity by the party's top leadership.

The nominations for two of the three Rajya Sabha seats from Rajasthan were submitted before Returning Officer Bharat Bhushan Sharma in the State Assembly complex. The occasion witnessed the presence of senior BJP leaders, underscoring the party's confidence and organisational cohesion ahead of the Upper House elections.

Alka Singh filed her nomination in the presence of Chief Minister Bhajan Lal Sharma, former Chief Minister Vasundhara Raje, BJP State President Madan Rathore and senior leader Nathu Singh. Shortly



thereafter, Satish Poonia submitted his papers accompanied by Chief Minister Bhajan Lal Sharma, BJP State President Madan Rathore, Deputy Chief Minister Diya Kumari and Deputy Chief Minister Prem Chand Bairwa.

The high-profile presence of the BJP's senior leadership transformed the nomination exercise into a political statement, reflecting the party's determination to consolidate its influence in Parliament through Rajasthan's representation in the Rajya Sabha.

Political observers view the candidature of Alka Singh and former state BJP president Satish Poonia as part of the party's broader strategy to combine organisational experience, political outreach and legislative effectiveness in the Upper House.

With the BJP enjoying a commanding position in the Rajasthan Assembly, the nominations have further strengthened expectations of a comfortable victory for the party's candidates. The coordinated appearance of the state's top leadership also sent a clear message of unity and purpose as the BJP prepares for the next phase of its parliamentary and political agenda. The Rajya Sabha contest may be procedural in nature, but Monday's nomination filing highlighted the BJP's larger objective — translating its legislative strength in Rajasthan into a stronger voice at the national level.

# India Must Seize Global Shift to Become Economic Superpower: TRADE BODY URGES CENTRE




**ARTIA calls for bold reforms, manufacturing push and energy security amid changing global economic landscape**

FAIR REPORT

**Jaipur:** With global trade dynamics undergoing a dramatic transformation, the Akhil Rajya Trade and Industry Association (ARTIA) has urged the Centre to adopt a forward-looking economic strategy to position India as a leading global economic power.

At a key meeting attended by prominent industry representatives, ARTIA resolved to submit a detailed memorandum to the Government of India highlighting opportunities emerging from geopolitical shifts, supply chain realignments and the growing "China Plus One" strategy being adopted by multinational corporations.

The association said the ongoing US-China rivalry, energy uncertainties, technological disruptions and changing global supply chains present India with a rare opportunity to emerge as a preferred manufacturing and investment destination. It called for targeted policies to attract foreign investment, strengthen industrial clusters and establish India as a reliable hub for global manufacturing and exports.

ARTIA emphasized the need to empower MSMEs through easier access to credit, technology support and export incentives. It also advocated increased investment in strategic sectors such as artificial intelligence, semiconductors, cybersecurity and digital infrastructure to enhance technological self-reliance.

Raising concerns over rising petrol, diesel and cooking gas prices, the association warned that energy volatility driven by global geopolitical tensions is placing additional pressure on businesses, transportation networks and household budgets. It urged the government to accelerate renewable energy adoption, review fuel taxation structures and formulate a long-term energy security roadmap.

The trade body further stressed the importance of skill development, industry-oriented education, logistics modernization and stronger Centre-state coordination. According to ARTIA, timely implementation of business-friendly and future-ready policies could enable India to play a defining role in the global economy over the coming decades.

## Nation Honours Its Finest: President Murmu Confers 51 Gallantry Awards at Defence Investiture Ceremony



**7 Kirti Chakras, 15 Vir Chakras and 29 Shaurya Chakras awarded for extraordinary courage; families of fallen heroes move nation at Rashtrapati Bhavan**

FAIR REPORT

**New Delhi:** In a solemn celebration of courage, sacrifice and unwavering duty, President Droupadi Murmu on Monday honoured 51 gallantry award recipients during Phase-I of the Raksha Alankar Samaroh-2026 held at Rashtrapati Bhavan, paying tribute to the men and women who placed the nation above themselves in moments of extraordinary peril. The prestigious Defence Investiture Ceremony witnessed seven personnel being decorated with the Kirti Chakra, India's second-highest peacetime gallantry award. Two of these honours were conferred posthumously, underscoring the supreme sacrifice made in service of the nation. Fifteen bravehearts received the Vir Chakra for acts of conspicuous gallantry in the face of the enemy, including three soldiers who were honoured posthumously. The Shaurya Chakra, awarded for exceptional bravery and devotion to duty, was presented to 29 personnel, with one recipient receiving the honour posthumously. The awardees represented the Armed Forces, Central Armed Police Forces and State Police organisations, reflecting a broad spectrum of courage displayed across some of India's most challenging operational theatres. Their acts of valour ranged from counter-terror operations in Jammu and Kashmir and the North-east to high-risk anti-insurgency missions and other critical security assignments.

# CM Bhajan Lal, BJP's New Organisation Chief Call on Assembly Speaker Devanani

**Courtesy meeting sparks political buzz as BJP leadership closes ranks in Rajasthan**

FAIR REPORT



**Jaipur:** In a significant display of coordination within the Rajasthan BJP's top leadership, Chief Minister Bhajan Lal Sharma and the party's newly appointed State Organisation General Secretary Ajay Kumar on Monday met Assembly Speaker Vasudev Devnani at the Rajasthan Legislative Assembly. The meeting, officially described as a courtesy call, comes shortly after Ajay Kumar's appointment as the BJP's new organisational in-charge in the state, a key position responsible for strengthening the party's grassroots network and coordinating between the organisation and the government. The interaction brought together three influential figures at a time when the ruling BJP is focused on accelerating governance initiatives while simultaneously preparing its organisational machinery for upcoming political challenges. While no official details of the discussion were disclosed, party observers view the meeting as a reflection of the BJP's emphasis on maintaining close coordination between the government, the legislature and the organisation. The presence of Chief Minister Sharma alongside the newly appointed organisation general secretary underscored the importance the party attaches to organisational cohesion and political messaging. Speaker Vasudev Devnani welcomed both leaders during the meeting, which was held in a cordial atmosphere at the Assembly premises. The meeting assumes significance amid ongoing efforts by the BJP leadership to further strengthen its organisational structure in Rajasthan and ensure seamless synergy between governance and party affairs. With Ajay Kumar formally taking charge of the organisational responsibilities in the state, political circles are closely watching the BJP's next moves as it seeks to consolidate its position and expand its outreach across Rajasthan.




# Delhi HC Issues Notice in Anjana Om Kashyap's ₹2 Crore Defamation Suit Against Khan Sir; No Interim Relief Granted

**Anchor alleges threats to her and her daughter; court seeks responses from defendants, lists matter for June 17**

FAIR REPORT





**New Delhi**: The Delhi High Court on Monday issued notice on a 2 crore civil defamation suit filed by Aaj Tak anchor Anjana Om Kashyap and TV Today Network against educator Faisal Khan, popularly known as Khan Sir, and three other online educators, while declining to grant any interim relief at this stage. Hearing the matter, Justice Neena Bansal Krishna directed the defendants to file their responses and listed the case for further hearing on June 17. Appearing for Kashyap, counsel told the court that the journalist had been subjected to abusive online attacks and threats following remarks made during a television debate on the growing influence and commercialisation of the online coaching industry. The court was informed that posts targeting Kashyap included threats against both her and her daughter, prompting a plea for the immediate removal of the content.

The suit seeks 2 crore in damages and the takedown of allegedly defamatory material circulating across social media platforms, including YouTube, Meta and X. Besides Khan Sir, the petition names educators Abhinay Sharma, Babita Tyagi and Arvind Bhadauriya as defendants.

According to the plea, the controversy began after a debate aired on May 29 in which Kashyap commented on the expanding reach of high-profile online educators and the broader coaching ecosystem. The petition alleges that, in response, derogatory remarks were made against the journalist and widely shared online, causing reputational harm.

The defendants are yet to place their version before the court.

With the High Court refraining from passing an immediate injunction, the case is expected to draw significant attention as it raises questions about the limits of public criticism, the responsibilities of digital influencers, and the legal threshold for defamation in an increasingly polarised online environment.

शिक्षा विभाग का डिजिटल नवाचार : केवल पाठ्यसामग्री तक सीमित नहीं, विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है यह पोर्टल

# कठिन विषयों को सरल तरीके से समझा रहा 'शाला संवाद'... e-Patrika कर रही जागरूक




**चुप न रहें, जरूर कहें...** पोर्टल पर बच्चों को ई-पत्रिका पढ़ने की सुविधा भी प्रदान की गई है। तस्वीर में आप देख सकते हैं कि बच्चों की ई-पत्रिका गपशप-2 में चित्र कथा के जरिये वर्तमान में बच्चियों की सुरक्षा के विषय पर संवादों के माध्यम से समझाया गया है। इसका शीर्षक 'चुप न रहें, जरूर कहें' बच्चों को अपने मन की बात अभिभावकों से कहने के लिए प्रेरित करता है, ताकि उनकी परेशानी का समाधान किया जा सके।

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

डिजिटल युग में शिक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा विकसित शाला दर्पण पोर्टल विद्यार्थियों के लिए एक समग्र शैक्षणिक मंच के रूप में स्थापित हो चुका है।

विशेष रूप से पोर्टल का 'स्कूल - शाला संवाद' सेक्शन विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का भंडार साबित हो रहा है, जहां कक्षा 1 से 12 तक के लिए विविध और गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इसमें विद्यार्थियों को न केवल अध्ययन सामग्री का भंडार मिलता है, साथ ही विषयवार वीडियो लेक्चर, एनसीईआरटी और आरबीएसई पाठ्यक्रम आधारित ई-कॉन्टेंट, विस्तृत प्रश्न बैंक, दूरदर्शन द्वारा प्रसारित शैक्षणिक कार्यक्रमों की सामग्री और ई-पत्रिकाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। यह सामग्री विद्यार्थियों को कठिन विषयों को सरल तरीके से समझने में मदद करती है और परीक्षा की तैयारी को अधिक व्यवस्थित बनाती है। छात्र लॉगिन करके इस पठन एवं डिजिटल सामग्री को प्राप्त कर सकते हैं।

शाला दर्पण पोर्टल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल पाठ्य सामग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान करता है। इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में आसानी होती है।

शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर पोर्टल को अपडेट किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों को नवीनतम और प्रासंगिक सामग्री मिलती रहे। साथ ही, शिक्षकों को भी इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल शिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे शिक्षण प्रक्रिया अधिक आधुनिक और प्रभावी बन सके। शाला दर्पण पोर्टल न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी एक महत्वपूर्ण संसाधन बन गया है। यह पारदर्शिता, संवाद और गुणवत्ता युक्त शिक्षा को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम है।

राजस्थान शिक्षा विभाग का यह नवाचार शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो राज्य के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

### इंटरेक्टिव प्लेटफॉर्म है 'टॉक टू टीचर'

इसके अलावा, 'टॉक टू टीचर' सुविधा विद्यार्थियों के लिए एक इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य कर रही है। इस सुविधा के माध्यम से छात्र-छात्राएं सीधे अपने शिक्षकों से जुड़ सकते हैं और पढ़ाई से संबंधित समस्याओं, शंकाओं या कठिनाइयों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल खासतौर पर उन विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है, जो किसी कारणवश कक्षा में अपनी शंकाएं स्पष्ट नहीं कर पाते। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए शाला दर्पण पोर्टल किसी वरदान से कम नहीं है। इंटरनेट के माध्यम से उन्हें शहरों के समान गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे शिक्षा में समानता को बढ़ावा मिल रहा है।

---

आपदा प्रबंधन की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

## जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिह्नित कर आवश्यक कार्यवाही करें




**FAIR REPORT**
**जयपुर**

आगामी मानसून सत्र 2026 की पूर्व तैयारियों के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण संदेश नायक की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि आपदा के दौरान आमजन की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में प्रभावी ढ़ंग से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जनजीवन प्रभावित ना हो।

उन्होंने इस दौरान बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश सभी उपखण्ड अधिकारियों एवं संबंधित जिलास्तरीय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने नगर निगम को जयपुर शहर के सीवर लाईन एवं छोटे-बडे. गन्दे नालों की तत्काल सफाई कराकर इसका संबंधित अधिशाषी एवं सहायक अभियंताओं से प्रमाणीकरण कराने के निर्देश दिए हैं वहीं उन्होंने संबंधित उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को टीम बनाकर इसका सत्यापन कराने के भी निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने जिले के सभी पुराने जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा पुराने निजी जीर्ण-शीर्ण भवनों का निरीक्षण करने के उपरान्त चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जिले के जलभराव क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर उसमें आवश्यकतानुसार फोगिंग एवं एंटी लार्वा एक्टीविटी करने के निर्देश भी निगम एवं अन्य निकायों के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने मानसून के दौरान स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति एवं जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने व पेयजल आपूर्ति लाईनों से वर्षा के दौरान दूषित पेयजल की आपूर्ति ना हो इसकी रोकथाम हेतु निरंतर प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मानसून से पूर्व ढीले तारों को कसवाने, जमीन पर रखे गए ट्रांसफार्मरों को उपर रखवाकर उसके चारों ओर अवरोधक लगवाने के निर्देश भी प्रदान किए हैं। उन्होंने जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी छोटे-बडे. तालाबों की निगरानी एवं उनपर आवश्यक मरम्मत कार्य करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को मानसून के दौरान बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। वहीं उन्होंने पशुपालन विभाग को पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु पर्याप्त मात्रा में टीकाकरण, जीवन रक्षक औषधियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने जिला रसद अधिकारी को आपात स्थिति में निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस, कैरोसीन, डीजल, पेट्रोल, खाद्य सामग्री की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

---

विभिन्न जिलों को आवंटित बजट और अब तक हुए व्यय का दें लेखा-जोखा

# 'पंच गौरव' के प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएं, मुख्य सचिव ने की प्रगति की समीक्षा

**FAIR REPORT**
**जयपुर**



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर पंच गौरव योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने योजना के अंतर्गत संचालित 'एक जिला-एक उत्पाद', 'एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति', 'एक जिला-एक खेल', 'एक जिला-एक पर्यटन स्थल' तथा 'एक जिला-एक कृषि उपज' के तहत सभी जिलों में हो रहे कार्यों के लक्ष्य, बजट, प्रगति और निगरानी प्रक्रिया की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने योजना के लिए विभिन्न जिलों को आवंटित बजट तथा अब तक हुए व्यय की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत बजटीय प्रावधानों के अनुसार प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर राज्य स्तरीय समिति को अनुमोदन के लिए भेजे जाएं, ताकि समयबद्ध रूप से स्वीकृतियां जारी कर कार्यों को गति दी जा सके। उन्होंने कहा कि पंच गौरव योजना राज्य की विशिष्ट पहचान, स्थानीय संसाधनों के संवर्धन तथा रोजगार एवं आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को समन्वित प्रयासों के माध्यम से योजना के उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। बैठक में प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव, खेल विभाग, रवि कुमार सुरपुर, सचिव, आयोजना विभाग सहित वित्त, पर्यटन, कृषि, उद्योग एवं वन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने कराया योजना की प्रगति के आंकड़ों से रूबरू

आयोजना सचिव रवि कुमार सुरपुर और अन्य अधिकारियों ने बैठक में योजना की प्रगति के आंकड़े सामने रखे। इसके अनुसार वर्ष 2025-26 के दौरान 'एक जिला-एक कृषि उपज' योजना के तहत 50 हजार से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। 'एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति' के तहत 85 लाख पौधों का वितरण हुआ। वहीं, 'एक जिला-एक उत्पाद' के प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सेमिनारों में 17 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिताओं में 25 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जबकि 'एक जिला-एक पर्यटन स्थल' योजना के तहत चयनित स्थलों पर 150 से अधिक मेले, उत्सव और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

## वित्तीय प्रबंधन में डिजिटल नवाचारों को और सशक्त बनाने के दिए निर्देश

**FAIR REPORT**
**जयपुर**



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को वित्त भवन स्थित कोष एवं लेखा निदेशालय का निरीक्षण कर साइबर ट्रेजरी एवं ई-ट्रेजरी की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया तथा वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने वित्तीय प्रशासन को और अधिक पारदर्शी, दक्ष एवं नागरिक-केंद्रित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय प्रबंधन में डिजिटल क्रांति के माध्यम से सुशासन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा राजस्थान को देश के अग्रणी डिजिटल वित्तीय प्रशासनिक राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने साइबर ट्रेजरी एवं ई-ट्रेजरी के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन करते हुए तकनीकी अवसंरचना, सेवा वितरण प्रणाली तथा ऑनलाइन भुगतान व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रशासन में तकनीक का बढ़ता उपयोग पारदर्शिता एवं जवाबदेही को मजबूत कर रहा है। उन्होंने वर्ष 1999 के अपने अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय ट्रेजरी कार्यालयों में अधिकांश कार्य मैनुअल प्रक्रियाओं एवं फाइलों पर आधारित थे। वहीं, वर्तमान में राज्य का ट्रेजरी सिस्टम पूर्णतः डिजिटल स्वरूप में विकसित हो चुका है, जो प्रशासनिक सुधारों का उत्कृष्ट उदाहरण है।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि साइबर ट्रेजरी के सर्वर एवं तकनीकी प्रणालियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

---

### ब्रीफ खबरें

## 25 सूत्री मांग को लेकर कर्मचारियों की जागृति यात्रा जयपुर से रवाना



**जयपुर।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (RGHS) सुविधा बहाली और वेतन विसंगतियां दूर करने सहित 25 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत राज्य कर्मचारियों की जागृति यात्रा आज से शुरू हुई। जागृति यात्रा को सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट के पास गवर्नमेंट हॉस्टल से कर्मचारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कर्मचारी संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने यात्रा में शामिल कर्मचारियों का माला पहनकर स्वागत किया और रवाना किया। इसके बाद यात्रा बस्सी- कानोता होते दौसा पहुंची, जहां दौसा के राज्य कर्मचारियों ने यात्रा का स्वागत किया। राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासागर एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ का कहना है कि यात्रा के दौरान बस्सी-कानोता और उसके बाद दौसा में कर्मचारियों ने स्वागत किया। यहां स्थानीय कर्मचारियों को 25 सूत्री मांगों को लेकर जागृत किया गया और उनसे यात्रा के समाप्ति के बाद जयपुर में प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया गया। राठौड़ ने कहा कि कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन सरकार पिछले ढाई साल से कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान ही नहीं दे रही है। लगातार अनदेखी हो रही है।

## मुख्यमंत्री ने कराया मुंह मीठा...



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय पर राज्यसभा प्रत्याशी डॉ. सतीश पूनिया और डॉ.अलका गुर्जर के नामांकन से पहले प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और संगठन महामंत्री अजेय कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुंह मीठा करवाकर अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस दौरान सीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी के दोनों प्रत्याशी सदन में राजस्थान व देश के हितों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे।

**देवनानी से शिष्टाचार भेंट :** अलका सिंह और सतीश पूनिया ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शिष्टाचार भेंट की। देवनानी ने दोनों उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दीं।

**देवनानी से मिले अजेय कुमार:** देवनानी की विधानसभा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार से मुलाकात हुई। देवनानी से दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

## मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में कर रहे थे बिजली चोरी... पकड़े गए



**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने सोमवार को सांगानेर उपखण्ड में सतर्कता जांच की, जिसमें 4 अलग-अलग जगहों पर बिजली का अनाधिकृत उपभोग किया जाना पाया। इस पर टीम ने करीब 4 लाख 32 हजार का जुर्माना लगाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि अधिशाषी अभियंता (सतर्कता) चेतन स्वरूप भंसाली के निर्देशन में टीम ने सांगानेर के ग्राम सीतारामपुरा स्थित परिसर में मीटर से पहले सर्विस लाईन में कट लगाकर बिजली चोरी कर रेस्टोरेन्ट का संचालन किया जा रहा था, जिस पर वीसीआर भरी जाकर करीब 1 लाख 93 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह ग्राम सीतारामपुरा में ही एक अन्य घरेलू उपभोक्ता और ग्राम शिकारपुरा में 2 घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा एलटी पोल से तार जोड़कर बिजली चोरी की जा रही थी, जिस पर वीसीआर भरी जाकर करीब 2 लाख 39 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इन सभी उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। उपभोक्ताओं द्वारा जुर्माना राशि तय समय में जमा नहीं करवाई जाती है तो बिजली चोरी निरोधक पुलिस थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

---


## स्पीकर देवनानी हिमाचल, पंजाब व हरियाणा दौरे पर

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के दौरे पर सोमवार को रवाना हुए। दौरे के दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा अनेक महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देवनानी चंडीगढ़ प्रवास के दौरान मंगलवार को पंजाब के राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करेंगे। इसके पश्चात वे आईटी पार्क स्थित द ललित होटल में सीपीए इंडिया रीजन, जोन-द्वितीय सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। सम्मेलन के बाद बुधवार को शिमला पहुंचेंगे। जहां हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करेंगे। साथ ही वहां के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। वे 11 जून को जयपुर लौटेंगे।

बिजली निगमों में बिलिंग और शिकायत निवारण प्रक्रियाओं की आसान हो सकेगी ट्रेकिंग

# एकीकृत ईआरपी प्रणाली से बढ़ेगी कार्यकुशलता : ऊर्जा मंत्री



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

प्रदेश के बिजली निगमों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और अधिक कार्यकुशल बनाने के लिए ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) प्रणाली लागू की जाएगी। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने इस पर आधारित एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने के निर्देश दिए हैं। नागर ने कहा कि ऊर्जा विकास एवं आईटी सर्विसेज निगम लिमिटेड इस संबंध में आवश्यक सभी संभावनाओं को अमल में लाएं, जिससे सभी बिजली निगम इस पर काम कर सकें।

नागर सोमवार को विद्युत भवन में जयपुर, जोधपुर व अजमेर बिजली निगमों और ऊर्जा विकास एवं आईटी सर्विसेज निगम से जुड़े सूचना प्रौद्योगिकी विषयों पर समीक्षा कर रहे थे।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि एकीकृत डिजिटल टूल विकसित करने से निर्णय लेने की प्रक्रिया त्वरित एवं सुगम होगी। इससे मितव्ययता और पारदर्शिता आएगी।

विशेषकर मानव संसाधन, वित्त, लेखा, खरीद और परिसंपत्तियों के प्रबंधन जैसे विषयों को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाया जा सकेगा। इससे उपभोक्ता सेवाओं को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। बिलिंग, शिकायत निवारण जैसी प्रक्रियाओं की ट्रेकिंग आसान होगी।

### प्रदेश में 1.95 करोड़ उपभोक्ताओं को मिल रहा डिजिटल सेवाओं का लाभ

विभाग की शासन सचिव और डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने बताया कि वितरण निगम प्रदेश में 1 करोड़ 95 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं (पीडीसी सहित) को डिजिटल माध्यम से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। एकीकृत एप्लीकेशन व वेब पोर्टल बिजली मित्र से कनेक्शन, भुगतान, टैरिफ, शिकायत निवारण, आवेदन को ट्रेक करने जैसी सेवाएं उपभोक्ताओं को सुगम व त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं एकीकृत बिजली प्रबंध मैनेजमेंट पोर्टल व एप के जरिए साइट वेरीफिकेशन, एस्टीमेट तैयार करने, विजिलेंस, पीडीसी वेरीफिकेशन, मीटर टेस्टिंग, जीएसएस मॉनीटरिंग आदि से निगम की कार्यप्रणाली में सुगमता व पारदर्शिता आई है। ऊर्जा विकास निगम के एमडी शिवप्रसाद नकाते ने ऊर्जा विकास निगम के आईटी आधारित कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के सलाहकार नवीन अरोड़ा, अजमेर डिस्कॉम के एमडी केपी वर्मा, तीनों बिजली वितरण निगमों के निदेशक तकनीकी, अति. मुख्य अभियंता आईटी भी मौजूद रहे।

## ब्रीफ खबरें

### माधव विवि ने फिजियोथेरेपी शोधार्थी मुथ्थु को पीएचडी उपाधि प्रदान की



**आबूरोड़।** माधव विश्वविद्यालय, आबूरोड़ के फिजियोथेरेपी विभाग के शोधार्थी डॉक्टर मुथ्थु कुमार ने अपनी पीएचडी की उपाधि सफलतापूर्वक अर्जित की है। यह उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि उन्होंने अपने शोध निर्देशक डॉक्टर आर. अरुणाचलम के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक प्राप्त की। उनके शोध कार्य का मूल्यांकन क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टर अरविंद चौहान द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉक्टर चौहान ने शोध की अकादमिक गहराई, गुणवत्ता तथा फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में इसके उपयोगी योगदान की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने शोधार्थी एवं मार्गदर्शकों के समर्पण एवं निरंतर प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर माधव विश्वविद्यालय में सभी विभाग के संकाय सदस्यों डॉक्टर आर. अरुणाचलम, डॉक्टर आनंद वी, डॉक्टर गिरीश बालधा, डॉक्टर आनंदन डी, डॉक्टर वैभव दवे, डॉक्टर प्राची ओझा, डॉक्टर हेमंत कुमार, डॉक्टर किंनारी तथा डॉक्टर अंजलि सहित अन्य शिक्षकों ने डॉक्टर मुथ्थु कुमार को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर फिजियोथेरेपी विभाग ने इस उपलब्धि को अकादमिक उत्कृष्टता एवं शोध नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। तथा भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता वाले शोध को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है।

### प्रशासन सख्त: कलेक्टर ने संभाली कमान, कोताही पर होगी कार्रवाई



**भीलवाड़ा।** प्रदेश में बढ़ती गर्मी और उमस के बीच आमजन को बिजली, पानी और चिकित्सा सेवाओं में कोई असुविधा न हो, इसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में 'समर कंटिन्जेंसी' की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा कि इस भीषण गर्मी में आमजन को राहत पहुंचाना ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के अधिकारियों को ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में समय पर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब पड़े सभी हैंडपंपों और ट्यूबवेलों को चिन्हित कर युद्धस्तर पर उनकी मरम्मत का कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं।साथ ही स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, सुचारू पेयजल और आपातकालीन पुख्ता व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

### श्री विष्णु- लक्ष्मी महायज्ञ हुआ प्रारंभ बालिकाओं ने किया अखाड़ा प्रदर्शन



**भीलवाड़ा।** पुरुषोत्तम मास में शहर के छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य में सोमवार को कलश शोभायात्रा और मण्डप प्रवेश के साथ सप्त दिवसीय 'श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ' का शुभारंभ हुआ। शहर में पहली बार आयोजित 11 कुण्डीय महायज्ञ में राष्ट्र कल्याण, सर्व मंगल, ऋण मुक्ति और रोग नाश की कामना के साथ आहुतियां दी गई। महायज्ञ के शुभारंभ पर छोटी हरणी स्थित चारभुजानाथ मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में छोटी हरणी के ग्रामीणों सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। विशेष बग्गी में वृन्दावन धाम से लाई गई ठाकुरजी की मनमोहक छवि विराजमान थी, जिसके दर्शनों के लिए श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। इस दौरान नवदुर्गा अखाड़ा' की बालिकाओं का शौर्य और अद्त कौशल आकर्षण का केंद्र रहा। अखाड़े के संजय शर्मा और गुंजन दाधीच ने बताया कि करीब 150 बालिकाओं ने इस दौरान हैरतअंगेज शारीरिक बल और आत्मरक्षा के हुनर का प्रदर्शन किया। आश्रम में वेदाचार्य पं. मुकेश शास्त्री के निर्देशन में महायज्ञ प्रारंभ हुआ। अरणी मंथन से अग्नि का प्रादुर्भाव किया गया। इसके बाद गणपति मण्डल, वास्तु मण्डल, नवग्रह मण्डल, प्रधान गौरी सर्वोतभद्र मण्डल के देवताओं का आह्वान, स्थापना और पूजन किया। पहले दिन पूजा के बाद महाआरती-परिक्रमा कर प्रसाद वितरण के साथ विश्राम हुआ।

### "उमंग-7 अभियान: नागौर पुलिस ने बालश्रम से मुक्त कराया मासूम को



**नागौर।** बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति के खिलाफ चलाए जा रहे "विशेष अभियान उमंग-7" के तहत नागौर पुलिस ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए एक बालश्रमिक को मुक्त कराया है। बाल श्रम कराने वाले नियोक्ता के विरुद्ध कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूर मोहम्मद के सुपरविजन में एएचटीयू नागौर टीम ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों के साथ संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दियाकार्रवाई के दौरान नागौर शहर में एक बालक को बालश्रम कराते हुए दस्तयाब किया गया। टीम ने बालक को नियोक्ता के चंगुल से मुक्त करवाते हुए उसके संरक्षण एवं पुनर्वास की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। उसके सर्वांगीण विकास, पुनर्वास के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। अभियान में एएचटीयू टीम के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल अधिकारिता विभाग, रेड एंड रेस्क्यू टीम तथा महिला कल्याण मंडल ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

---

हरियाणा से राजस्थान में कई जगह हो रही थी सप्लाई, तीन आरोपियों को पहले पकड़ चुकी राजस्थान पुलिस

# नकली नोट डिजाइन करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार, होगी जांच

FAIR REPORT

**दौसा**

जिले में नकली नोटों की डिजाइनिंग और एडिटिंग करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र निवासी गुलशन (39) पुत्र प्रेमनाथ को पकड़ा है। जांच में सामने आया कि वह नकली नोटों की डिजाइन तैयार कर उनकी एडिटिंग करता था और उन्हें छापने की प्रक्रिया में शामिल था। पूछताछ में राजस्थान में भी नकली नोटों की सप्लाई किए जाने की जानकारी मिली है। फिलहाल आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है।



एसपी पीयूष दीक्षित के निर्देशन में की गई कार्रवाई में यह गिरफ्तारी 28 मई 2026 को कोतवाली थाने में दर्ज फेक करेंसी प्रकरण की जांच के दौरान हुई। मामले में सबसे पहले आयुष कुमार मीना को 40 हजार रुपए की नकली करेंसी के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद एक किशोर को निरुद्ध कर उसके कब्जे से 47 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए गए। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने फरीदाबाद से नकली नोट छापने और बेचने वाले मुख्य सरगना संतोष सिंह वाल्मीकि तथा उसके साथी विशाल उपाध्याय को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से 24 लाख 37 हजार रुपए मूल्य के कागज पर मुद्रित नकली नोट, बड़ी मात्रा में कागज, स्याही, वाटरमार्क डाई, लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य उपकरण बरामद किए गए थे। पुलिस के अनुसार गुलशन और विशाल दोनों पुलिस रिमांड पर हैं। उनसे नकली करेंसी के निर्माण, वितरण और सप्लाई नेटवर्क के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में अनुसंधान जारी है और फर्जी करेंसी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### मिले थे 24.83 लाख के नकली नोट

जानकारी के अनुसार दौसा में पुलिस ने नकली नोट छापने और सप्लाई करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को 7 दिन पहले पकड़ा था। इनमें एक नाबालिग भी है। आरोपियों के पास से 24 लाख 84 हजार रुपए के 500-500 के नकली नोट बरामद किए गए थे। पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद से 2 आरोपियों को पकड़ा जबकि एक आरोपी को दौसा से गिरफ्तार किया था और एक बाल अपचारी को डिटेन किया था। एसपी पीयूष दीक्षित ने बताया कि संतोष सिंह वाल्मीकि (33) निवासी अलीगढ़, हाल फरीदाबाद हरियाणा और विशाल उपाध्याय (42) निवासी झारखंड, हाल नोएडा यूपी को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया। मामले में 28 मई को आयुष कुमार मीना (19) निवासी बीड़ की ढाणी, मांगाभाटा, थाना सदर दौसा और एक नाबालिग को पकड़ा था। पूछताछ में सरगना समेत दो आरोपियों के नाम सामने आए थे। तीनों को गत सोमवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया था।

---

रिसाव से मचा हड़कंप : 500 मीटर तक का इलाका खाली करवाया, ड्राइवर फंसे

# पेट्रोल-डीजल का टैंकर ट्रेलर से भिड़ा, 1 मरा

FAIR REPORT

**पुष्कर (अजमेर)**

जिले के पुष्कर में होकरा गांव की पुलिया पर दो ट्रेलर और एक टैंकर की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रेलर के ड्राइवर की मौत हो गई। वहीं एक अन्य ट्रेलर और टैंकर का ड्राइवर घायल हो गया। हादसे के बाद इंडियन ऑयल के टैंकर से डीजल का रिसाव हो गया। इस दौरान हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पुलिया पर यातायात को रोका और एतिहातन डीजल टैंकर पर पानी का छिड़काव करवाया। पुलिस के अनुसार यह हादसा सोमवार दोपहर में हुआ। अजमेर ग्रामीण एएसपी लाल चंद कायल ने बताया कि जयपुर से पुष्कर की ओर आ रहे इंडियन ऑयल के पेट्रोल-डीजल भरे टैंकर और पुष्कर से जयपुर की ओर जा रहे दो ट्रेलर में टक्कर हुई है।

हादसे के बाद इंडियन ऑयल के टैंकर से डीजल का रिसाव हो गया था, जिसके बाद पुष्कर के कडेल निवासी टैंकर ड्राइवर हाथी सिंह (58) किसी तरह टैंकर से निकलकर दूर जाकर खड़ा हो गया था। वहीं दोनों ट्रेलर के ड्राइवर केबिन के अंदर ही फंस गए।



मौके पर पहुंचे लोगों ने एक ट्रेलर के ड्राइवर को किसी तरह बाहर निकाल लिया। वहीं दूसरे ट्रेलर के ड्राइवर को जेसीबी की सहायता से पुलिस ने बाहर निकलवाया। तीनों ड्राइवरों को अजमेर के जेएलएन अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान चूना लेकर जा रहे ट्रेलर के ड्राइवर दिलशाद की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं बोरूंदा, जोधपुर निवासी दूसरे ट्रेलर ड्राइवर अब्दुल जफार (58) पुत्र खुदा बक्श और हाथी सिंह का इलाज जारी है। एएसपी ने बताया कि पुलिया पर यातायात को बंद करवाया गया है। डीजल रिसाव से होने वाले हादसे को रोकने के लिए दमकल बुलवाकर पानी का छिड़काव करवाया है। करीब 500 मीटर का इलाका खाली करवाया गया है। टैंकर में 5 हजार लीटर पेट्रोल और 15 हजार लीटर डीजल भरा है। ये टैंकर जयपुर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड से पुष्कर के श्रीमाधव गोपाल गुर्जर फिलिंग स्टेशन जा रहा था।



### ट्रेलर ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

**कोटपूतली-बहरोड़।** बहरोड़ के आंतेला में सोमवार सुबह सरियों से भरे ट्रेलर ने बुजुर्ग को कुचल दिया। बेकाबू ट्रेलर करीब 100 फीट तक उसे घसीटता हुआ ले गया। हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। एक्सीडेंट पावटा थाना इलाके में जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे-48 पर आंतेला में सोमवार सुबह हुआ। हादसे के बाद ट्रेलर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इसमें बेकाबू ट्रेलर सर्विस लाइन का डिवाइडर कूदकर होटल की पार्किंग में घुसता नजर आ रहा है। फिर ट्रेलर बुजुर्ग को रौंदता और घसीटते हुए दिख रहा है। हादसे में आंतेला निवासी सुरजाराम यादव (75) की मौत हुई है। ASI भोला राम ने बताया- आंतेला के नीलका में NH-48 पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। इसके चलते गाड़ियों का डायवर्जन किया गया है। इन्हें सर्विस रोड से निकाला जा रहा है। ट्रेलर जयपुर से दिल्ली की तरफ जा रहा था। आंतेला में होटल के पास अनियंत्रित हो गया और पार्किंग में घुस गया।

### कब्जा करने आए बदमाश, मां-बेटे ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



**जैसलमेर।** जिले में मां-बेटे ने पड़ोसियों के साथ मिलकर 5 बदमाशों को जमकर पीटा। बदमाश अपनी बोलेरो कैंपर गाड़ी छोड़कर किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें बदमाश मकान पर कब्जा करने के लिए चारपाई,गद्दा और अन्य सामान घर के अंदर लेकर जाते दिख रहे हैं। विरोध करने पर बदमाशों ने बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। यह देख पड़ोसी पहुंचे और बदमाशों को पीटना शुरू कर दिया। अपने को घिरा देख बदमाश मौके से फरार हो गए। दोनों पक्षों में 100 गज के प्लॉट को लेकर विवाद चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर खड़ी बदमाशों की कैंपर को जब्त कर लिया। 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल सुरजाराम ने बताया- मकान पर कब्जा करने और मारपीट के आरोप में नेपाल सिंह और वीरेंद्र सिंह को पकड़ लिया।

---

## अब नहीं चलेगी दबंगई वाली गाड़ियां: लाल-नीली बत्ती, काली फिल्म और मॉडिफाइड वाहनों पर पुलिस की सख्ती

### चित्तौड़गढ़ में विशेष अभियान शुरू; हूटर, प्रेशर हॉर्न, फैंसी नम्बर प्लेट और नियम विरुद्ध वाहनों पर पूरे जून होगी कार्रवाई

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** सड़कों पर रौब झाड़ने और यातायात नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं है। चित्तौड़गढ़ पुलिस ने जिलेभर में विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत अवैध मॉडिफिकेशन, अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लेशर, हूटर, प्रेशर हॉर्न, काली फिल्म, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का मानना है कि ऐसे वाहन न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं, बल्कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बनते हैं। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस मुख्यालय राजस्थान के निर्देशानुसार जिलेभर में 1 जून से 30 जून 2026 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना है। इस दौरान मोटरयान अधिनियम एवं केंद्रीय मोटरयान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों और वाहन स्वामियों के खिलाफ नियमानुसार चालानी कार्रवाई के साथ अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस विशेष रूप से उन वाहनों पर नजर रखेगी जिनकी बॉडी या चेसिस में अवैध परिवर्तन किया गया है। इसके अलावा अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, स्ट्रोब लाइट, फ्लेशर, हूटर, प्रेशर हॉर्न अथवा एयर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन भी कार्रवाई के दायरे में रहेंगे। वाहन के शीशों पर काली फिल्म लगाना, वाहन पर अनाधिकृत शब्द, चिन्ह या लेखन प्रदर्शित करना, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट अथवा फैंसी नम्बर प्लेट का उपयोग करना तथा एचएसआरपी मानकों का उल्लंघन करने वालों पर भी पुलिस सख्ती बरतेगी। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुरूप रखें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालक एवं वाहन स्वामी के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। चित्तौड़गढ़ पुलिस ने सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए नियमों की पालना सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## 6 माह से फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, हत्या के प्रयास समेत 20 मामले दर्ज

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत आकोला पुलिस की कार्रवाई; फिरौती, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट और पोक्सो जैसे गंभीर मामलों में था वांछित

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत आकोला थाना पुलिस ने छह माह से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर और स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी देवीलाल उर्फ देवा गाडरी (36) निवासी जैवाणा, थाना फतेहनगर (उदयपुर) के खिलाफ हत्या के प्रयास, फिरौती, अपहरण, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और पोक्सो एक्ट सहित कुल 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत यह कार्रवाई की गई। एएसपी मुकुल शर्मा एवं डीएसपी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन में आकोला थाना पुलिस ने छह माह से फरार स्थाई वारंटी देवीलाल उर्फ देवा गाडरी को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार आरोपी फतेहनगर थाना क्षेत्र का सक्रिय अपराधी एवं हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ फतेहनगर थाने में बलवा, मारपीट, हत्या के प्रयास, फिरौती, अपहरण, पोक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट से जुड़े 11 मामले दर्ज हैं। इसके अलावा रेलमगरा थाने में बलवा, आर्म्स एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट के 3 प्रकरण, केलवा थाने में बलवा, हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के 2 प्रकरण, नाथद्वारा थाने में मारपीट एवं आर्म्स एक्ट के 2 प्रकरण, आकोला थाने में बलवा, हत्या के प्रयास एवं संपत्ति नुकसान का 1 प्रकरण तथा मावली थाने में न्यायिक अभिरक्षा से फरार होने का 1 मामला दर्ज है। इस प्रकार आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में कुल 20 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।कार्रवाई करने वाली टीम में एएसआई चन्दन सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल कैलाशचन्द्र, पारस मल, अनिल एवं सुरेशचन्द्र शामिल रहे। टीम ने लगातार निगरानी, मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर को दबोच लिया।

---

सांसद बोले-यह अंतरराज्यीय षड्यंत्र : छत्तीसगढ़-झारखंड मिशनरीज के 3 पादरी सहित 11 को पुलिस कर चुकी गिरफ्तार

# धर्म परिवर्तन का खेल: उदयपुर के गांवों में लंबे समय से नेटवर्क सक्रिय!

FAIR REPORT

**उदयपुर**

जिले के छोटे गांवों में आदिवासी परिवारों को बीमारी दूर करने, पैसों का लालच और धमकी देकर धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा था। जिले के कानूवाड़ा बिलखाई और कागदर में 20 फीसदी से ज्यादा आदिवासी परिवार इसी मजबूरी के चलते हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म तक अपना चुके हैं। हर गांव में इन लोगों की मदद से उनके रिश्तेदारों को फोन कर उनके देवी-देवताओं को आडंबर बताया जाता था। ताकि धीरे-धीरे लोगों का मन हिंदू धर्म से हटने लगे और वे ईसाई धर्म से जुड़ें। जानकारी के अनुार जिले के ऋषभदेव इलाके में कानूवाड़ा बिलखाई और कागदर क्षेत्र में लंबे समय से छत्तीसगढ़-झारखंड के मिशनरीज पदाधिकारियों का मूवमेंट हो रहा था। कानूवाड़ा बिलखाई और कागदर से जुड़े गांवों की पड़ताल में यह सच सामने आया। कुछ स्थानीय नेताओं की मदद से छोटे गांवों में गरीब और पेयजल जैसी समस्याओं से परेशान लोगों को टारगेट किया जा रहा था। पहले गांवों में बाहर से पादरियों को लाकर चौराहों या किसी चर्च में बीमारियों को ठीक करने के नाम पर लोगों को कन्वींस किया जाता था। इसके बाद उन्हें हर संडे (रविवार) होने वाली प्रार्थना सभा से जोड़कर ईसाई धर्म में शामिल करने की पूरी कोशिश की जाती थी। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने कहा कि खेरवाड़ा के 50 से ज्यादा गांवों में 10 साल से लोगों को गुमराह करके, दबाव में तो कभी आर्थिक प्रलोभन देकर हिंदू से ईसाई धर्म में कन्वर्ट किया गया। यह अभियान अब भी जारी है। वहीं आदिवासी परिवारों को लालच देकर 6 जून को धर्म परिवर्तन करवाने पर ऋषभदेव थाना पुलिस ने कार्रवाई की थी। मामले में 3 पादरी सहित 11 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांवों में सबसे पहले धार्मिक पुस्तकें और दवाइयां बांटी जातीं। बाद में स्थानीय नेताओं की मदद से ग्रामीणों को ईसाई धर्म अपनाने पर मजबूर किया जाता। इसके लिए हर गांव में 3 से 4 ऐसे स्थानीय समाज के नेताओं को प्रभारी बना रखा है।



### क्षेत्र की जो मूल अस्मिता है, वो बनी रहे...

उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने कहा- गांव में काफी बड़ी संख्या में परिवारों का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश हो रही थी। हमारी जिम्मेदारी है कि यहां के क्षेत्र की जो मूल अस्मिता है, वो बनी रहे। वो जब बनी रहेगी तो विकास की गतिविधियां भी तेज होंगी। प्रार्थना सभा में गए लोगों ने बताया कि वहां लगभग दौ सौ पचास से ज्यादा लोग मौजूद थे। पहले दिन भी बीमारियों के नाम पर आदिवासियों को धर्म परिवर्तन कर किसी भी सूरत में उनकी बात मानने का बोल रहे थे।

### परिवार पर हमले का बना खतरा

कानूवाड़ा बिलखाई गांव की रहने वाली गंगा कलासुआ ने बताया- लंबे समय से ऐसे लोग गांव में एक्टिव हैं। महिलाओं को ज्यादा जोड़ने पर इनका फोकस रहता है। कमला बाई ने कहा कि गांव के दबंगों की वजह से हम कुछ बोल नहीं सकते। मेरा बेटा और उसका परिवार बाहर रहता है। ऐसे में उन पर हमले का खतरा रहता है। हम प्रकृति पूजक हैं और देवी की पूजा के साथ ही अपने धर्म में खुश हैं। हम अपना धर्म छोड़कर क्यों दूसरा धर्म अपनाएं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पादरी लोगों को कई तरह की बीमारी बताकर कहते हैं कि उनके पास आने से ही वह ठीक हो सकती है।

# Congress slams Bhupender Yadav for poaching TMC MPs

**FAIR REPORT**
New Delhi



Congress on Monday took a swipe at Environment Minister Bhupender Yadav over the raging political turbulence in the TMC, saying he has spent the day poaching when his special job is to nab poachers and prevent poaching, and not be one himself.

The Opposition party's attack came after reports surfaced that around a dozen dissident TMC MPs gathered at the Motilal Nehru Marg residence of Union minister and BJP's West Bengal election in-charge Bhupender Yadav.

Congress general secretary in-charge communications, Jairam Ramesh, said, "The Union Minister of Environment, Forests, and Climate Change, who looked after elections in West Bengal, has spent the day poaching."

"This minister's special job is to nab poachers and prevent poaching and not be one himself," Ramesh said, taking a dig at Yadav.

The simmering rebellion within the TMC appeared to gather fresh momentum on Monday, with rebel leader Ritabrata Banerjee portraying veteran Rajya Sabha MP Sukhendu Shekhar Ray's resignation from the party and the Upper House as a sign of widening dissent against the official leadership. While TMC supremo Mamata Banerjee, national general secretary Abhishek Banerjee and several senior MPs attended a meeting of the INDIA bloc leaders, reports surfaced of around a dozen dissident TMC MPs gathering at the Motilal Nehru Marg residence of Union minister and BJP's West Bengal election in-charge Bhupender Yadav.

The meeting, viewed by many as a sign that the revolt within the party's legislative ranks is now spilling into the Parliament, was attended by Ray.

The crisis engulfing the TMC deepened as 20 Lok Sabha MPs, led by Chief Whip Kakoli Ghosh Dastidar, decided to write to Speaker Om Birla declaring support for the BJP-led NDA.

# RS polls: Cross-voting fear in MP, Jharkhand

**FAIR REPORT**
New Delhi



Cross-voting is expected in the June 18 Rajya Sabha elections in Jharkhand and Madhya Pradesh, where an interesting contest has unfolded with the entry of BJP-backed candidates, as the NDA inches towards a two-thirds majority in the Upper House.

While the BJP fielded Mahesh Kewat against Meenakshi Natarajan of the Congress for the third seat in Madhya Pradesh, it has backed Parimal Nathwani for the second seat in Jharkhand against Congress's Pravanav Jha.

A total of 28 candidates are in the fray for 26 seats in 12 states across the country, with direct contests in Jharkhand and Madhya Pradesh.

The Election Commission announced to hold the elections on June 18 following the retirement of the incumbents, including former prime minister HD Deve Gowda, Congress president Mallikarjun Kharge and party leader Digvijaya Singh, and two Union ministers, Ravneet Singh Bittu and George Kurian.

# Nation Focus



## PM LAUDS ARMENIAN LEADER PASHINYAN ON ELECTION WIN

Prime Minister Narendra Modi on Monday congratulated Armenian leader Nikol Pashinyan on the victory of his Civil Contract Party in the country's parliamentary elections and said he was looking forward to working closely with him. Armenian Prime Minister Pashinyan on Monday claimed victory in a general election as preliminary results showed his governing Civil Contract Party came first with 49.81 per cent of the vote. "Congratulations to Nikol Pashinyan on the impressive victory of the Civil Contract Party in the parliamentary elections. The renewed mandate reflects the enduring trust and confidence of the people of Armenia in your leadership and vision. I look forward to working closely with you to further deepen the warm and historic ties of friendship and cooperation between India and Armenia," Modi said in a post on social media.



## IAF AIRLIFTS 5 CRITICALLY ILL PATIENTS FROM LADAKH

Five critically ill patients, including three personnel of the Indian Army, have been airlifted from Ladakh to Chandigarh for advanced medical care, IAF said on Monday. In a post on social media, the Western Air Command of the Indian Air Force also said 143 lives have been saved through casualty evacuation operations in the Ladakh sector alone during 2026. The WAC shared details about the critical medical evacuation mission undertaken from Ladakh, despite challenging high-altitude terrain and inclement weather conditions. "The Indian Air Force successfully undertook a critical Medical Evacuation mission from Ladakh, airlifting five Dangerous Ill Listed patients for advanced medical care at Chandigarh.

# IAF to use Mi-17 to secure NEET paper

**FAIR REPORT**
New Delhi



As the Government is set to conduct the NEET-UG re-test on June 21, it has taken some measures to ensure security, including the deployment of Mi-17 helicopters of the IAF for the secure delivery of question papers to various locations across the nation.

Ahead of the re-examination, question paper setters, moderators, and translators have been moved to a secure, undisclosed facility, where they will remain under lockdown until the examination is conducted. Access to mobile phones, laptops, internet services and all forms of external communication has been heavily restricted to eliminate any possibility of a paper leak as part of the large security cover. As regards the deployment of the Mi-17 helicopters, sources said the IAF will use them and other assets to transport question paper packets from 18 locations. The move is part of enhanced security measures to ensure a leak-free examination.

The IAF will provide logistical support for the NEET-UG 2026 re-examination on June 21, with Mi-17 helicopters and other air assets ferrying confidential question paper packets from 18 designated locations to distribution centres and examination hubs nationwide, secure delivery.

# West Bengal Government restores full CBI authority

**FAIR REPORT**
New Delhi/Kolkata



The West Bengal Government has officially given back full authority to the Central Bureau of Investigation (CBI) across the State. On Monday, the State issued a notification under Section 6 of the Delhi Special Police Establishment (DSPE) Act, 1946, allowing the CBI to operate throughout West Bengal.

Now, the CBI can investigate all offences listed under Section 3 of the Act, primarily corruption and economic crimes, as well as central cases that previously required separate approval. Chief Minister Suvendu Adhikari said this decision brings back powers that the earlier Trinamool Congress Government had taken away. The TMC withdrew general consent on November 16, 2018, claiming the central agency was being 'misused'. After that, the CBI needed special permission for each investigation, which slowed down probes into major scams, recruitment issues, and cooperative-sector fraud. Since the BJP won the 2026 Assembly election, Adhikari's Government has taken a strong stand against corruption.

In mid-May, the Government approved sanctions under the Prevention of Corruption Act in some pending cases, allowing the CBI to file charge sheets against nine officials. Monday's notification goes further by giving the agency full authority to work in the State. Legal experts say Section 6 consent matters because, without it, CBI officers do not have police powers in West Bengal.

This also affects ongoing investigations ordered by the Supreme Court or the Calcutta High Court. Restoring CBI powers now puts West Bengal in line with most other states that allow general consent, showing a move toward more cooperation between institutions. This decision is important both symbolically and practically. It responds to public worries about corruption under the previous Government.

Investigations that were delayed for years can now move forward faster. Critics of the old Government say the withdrawal of consent was meant to protect politically connected officials. The new order removes that obstacle. The decision also sends a clear political message: the era of selective federalism has ended.

By restoring the CBI's mandate, Chief Minister Adhikari is focusing on accountability. In a state with a history of recruitment scams and governance issues, this move could help solve many old cases and rebuild public trust in investigations.

# Post-result services portal fully functional: CBSE

**FAIR REPORT**
New Delhi



The Central Board of Secondary Education (CBSE) on Monday said its post-result services portal was fully functional during the notified application period and more than 1.6 lakh candidates successfully submitted requests for over 3.8 lakh answer books.

In a statement on social media, the board said the application window for verification and re-evaluation was fully functional throughout the notified period, June 2-7, under the supervision of Government technical agencies and teams from the IITs.

"During the above application period, more than 1.6 lakh candidates successfully submitted requests pertaining to over 3.8 lakh answer books, reflecting the extensive utilisation of the services by the candidates," the CBSE said.

The board said the system remained under monitoring by cybersecurity teams throughout the operational period to prevent malicious traffic and cyber threats. It also said CBSE teams provided support to students through its helpdesk and grievance redressal channels. The clarification came amid certain media reports and social media posts regarding the functioning of the Post-Result Services Portal.

Addressing concerns raised by some students and parents, CBSE said the message "Roll Number Not Found" was displayed only when a candidate had not successfully applied during the first phase of the post-result services process — the Answer Books Photocopy Application Window.

"CBSE has taken note of certain media reports and social media posts regarding the functioning of the Post-Result Services Portal. To clarify doubts of some of these students and parents, it is informed that the message 'Roll Number Not Found' is displayed when a candidate had not successfully applied during the first phase of the Post-Result Services process, namely the Answer Books Photocopy Application Window," the board said.

"As clearly outlined earlier, only those candidates who had applied for their scanned answer books during the preceding stage (Answer Books Photocopy) were eligible to avail the subsequent stage of Verification of Issues Observed and Re-evaluation of Answers," the board said.

# Brinda Karat slams Delhi Police for allegedly harassing a woman

**FAIR REPORT**
New Delhi



Senior Communist Party of India (Marxist) leader and former Rajya Sabha MP Brinda Karat on Monday shot off a letter to Delhi Police Commissioner Satish Golchha, seeking his urgent intervention over the alleged illegal detention, interrogation, and surveillance of a young woman by personnel of the New Rajinder Nagar police station.

Terming the incident an extraordinary misuse of police authority, Karat alleged that the postgraduate student, Aahana Singh Kaith, was subjected to "totally illegal and inhuman harassment" to prevent her from participating in a political demonstration.

According to the letter released by the CPI(M) Central Committee, the victim was cornered at a local gym on June 5 by a group of police personnel, including an officer identified as Shivam and a woman Sub-Inspector named Rita. They allegedly took her to a nearby parking area, where she was subjected to intense questioning regarding her family background, political leanings, and her plans regarding a demonstration organised by the Cockroach Janta Party (CJP) the following day.

"She was threatened to become a police informer on the threat of action against her," Karat wrote, adding that the personnel forcibly checked the woman's mobile phone and WhatsApp messages without a court warrant, violating her fundamental right to privacy.

The CPI(M) leader further alleged that the harassment escalated when a police official was deployed outside the student's flat as a personal security officer (PSO) to monitor her movements. The victim was allegedly ordered to stay indoors and share her live location with the police station if she stepped out.

Karat stated that she personally intervened by telephoning the deployed police personnel, who admitted to acting on direct orders from the New Rajinder Nagar police station. "A young woman is picked up by predominantly male police without any warrant, her privacy violated, and she is placed under surveillance and virtual house arrest without any charges.

# ₹5.38 crore hydroponic weed seized at IGI Airport, 2 held

**FAIR REPORT**
New Delhi

Customs officials at Indira Gandhi International (IGI) Airport foiled a major narcotics smuggling attempt, seizing 15.38 kg of hydroponic weed valued at approximately ₹5.38 crore from two passengers who arrived from Kuala Lumpur, officials said on Monday.

Customs officers intercepted the two passengers after they crossed the Green Channel upon arrival on AirAsia X flight D7-182 on June 7. Acting on specific intelligence and passenger profiling, officers subjected the travellers to detailed scrutiny.

During the examination, officials noticed that the passengers were carrying two brand-new geysers in addition to their checked-in baggage. Suspicion deepened after sustained questioning and scrutiny of communications on their mobile phones.

The geysers were subsequently subjected to X-ray screening, which revealed concealed material inside the appliances. On dismantling the units, Customs officers uncovered a sophisticated concealment mechanism and recovered 145 vacuum-sealed packets hidden within the geysers.

The packets contained a green leafy substance suspected to be hydroponic weed, a high-potency variety of cannabis. The total weight of the seized contraband was 15.38 kg.

Customs officials estimated the illicit market value of the narcotics at around ₹5.38 crore.



# Bulldozers at Dawn: 45-Year-Old Mosque Razed as Jaipur Locks Down Under Massive Security Blanket

**Internet suspended, prohibitory orders imposed till June 22; five religious structures cleared in JDA's road-widening drive**

**FAIR REPORT**
**BY HEMRAJ TIKAMCHAND**

**Jaipur**, June 8: Bulldozers rolled into Nandpuri before sunrise on Monday, bringing down the four-storey Noorani Masjid that had stood in Jaipur's Malviya Nagar area for nearly four and a half decades. By the time the dust settled, an entire neighbourhood had been sealed off, thousands of security personnel had taken position, and large parts of Rajasthan's capital were under an unprecedented internet shutdown.

The demolition, carried out by the Jaipur Development Authority (JDA), formed part of a controversial road-widening project aimed at expanding the Jagatpura–Jawahar Circle corridor to 80 feet. Alongside the mosque, authorities removed four other religious structures — two temples, a satsang bhawan and a mazar — triggering one of the largest security operations witnessed in Jaipur in recent years.



Authorities moved swiftly to prevent any flare-up. Mobile internet services across Jaipur North and Jaipur East police commissionerate areas were suspended for 48 hours, from midnight on June 7 to midnight on June 9. Simultaneously, prohibitory orders under Section 163 of the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS), restricting public gatherings, were enforced until June 22.

The administration virtually transformed Nandpuri into a high-security zone. Roads leading to the locality were barricaded, residents were advised to remain indoors, and entry of outsiders was prohibited. Nearly 3,000 additional police personnel, supported by Rapid Action Force units and senior officers, were deployed to maintain law and order.

Officials maintained that the action was neither sudden nor selective. According to the JDA, notices had been served well in advance and stakeholders were given time to voluntarily remove structures falling within the proposed road alignment. The authority had already cleared 134 encroachments along the stretch before initiating action against the remaining religious sites.

Yet, the demolition of the Noorani Masjid — a landmark structure that had existed since 1981 — carried powerful symbolism. Images of bulldozers tearing through the building under the watch of heavily armed security personnel quickly spread across social media before internet restrictions came into force. Officials warned that strict action would be taken against individuals attempting to spread rumours or disturb communal harmony. By Monday evening, Jaipur remained calm, but the extraordinary measures adopted by the administration reflected the sensitivity of the operation.

As traffic continued to move along the expanding corridor and security forces maintained vigil, the rubble of the demolished structures stood as a stark reminder of the difficult intersection between urban development, faith, and public order — a debate that is likely to resonate far beyond the streets of Nandpuri.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com